Seat No. : _____

MN-101-H

April-2018

B.Com., Sem.-I

CC-103 : Accountancy – I

Time : 3 Hours] **[Max. Marks : 70**

(Hindi Version)

नोट : परिकलन को उत्तर के भाग के रूप में दर्शाइए ।

1. ता. 1-7-2016 को रेडियो चीली ने रेडियो सिटी को ₹ 7,500 का एक ऐसे 30 रेडियो ₹ 10,000 की बीजक कीमत पर भेजे और माल भेजने के दौरान ₹ 3,000 चुकाए । **14**

उसी दिन रेडियो चीली ने ₹ 1,50,000 की 3 मास की हूंडी लिखी जिसे रेडियो सिटी ने बाद में स्वीकार किया । ता. 4-8-2016 को रेडियो सिटी ने हूंडी को बैंक में वार्षिक 2% के बट्टे पर बट्टाकृत किया ।

ता. 31-12-2016 को रेडियो सिटी ने विक्रय लेखा भेजा जिसमें बताया कि :

(1) कम्पनी ने माल उतारने के ₹ 300, आवक माल गाड़ी भाड़े के ₹ 1,500 और विज्ञापन के ₹ 1,500 चुकाए ।

(2) कम्पनी ने 15 रेडियो ₹ 11,500 के भाव से रोकड़ बेचे ।

(3) कम्पनी ने 5 रेडियो ₹ 12,500 के माप से ध्वनित को उधार बेचे और 3 रेडियो देवकी को ₹ 10,500 के भाव से रेडियो चीली की सिफारिश और जवाबदारी पर उधार बेचे ।

(4) ध्वनित और देवकी दिवालिया घोषित हुए और उनके पास से केवल 50% रकम वसूल हुई ।

(5) रेडियो सिटी के गोदाम में 2 रेडियो अयोग्य रखरखाव के कारण पूर्ण खराब हुए और बीमा कम्पनी ने ₹ 12,000 का दावा स्वीकार किया ।

रेडियो सिटी 5% सामान्य कमिशन, 3% प्रत्यायक कमिशन और वार्षिक ₹ 12,000 सर्विस चार्ज की हकदार है ।

रेडियो चीली के बहियों में बनाइए :

प्रोषित माल खाता और रेडियो सिटी का खाता

अथवा

(A) एक परेषिती ने ₹ 4,00,000 का बीजक कीमत का माल ₹ 4,50,000 की कीमत से रोकड़ से बेचा । उसने ₹ 5,00,000 बीजक कीमत का माल ₹ 6,50,000 की कीमत पर मि. महेता को उधार बेचा । उसने ₹ 1,00,000 बीजक कीमत का माल मि. बक्षी को प्रेषक (माल स्वामी) को सिफारिश पर उधार बेचा । उसने ₹ 20,000 बीजक कीमत का खराब माल बेचा । ₹ 30,000 बीजक कीमत का माल परेषिती ने स्वयं खरीदा ।

परेषिती 5% सामान्य कमिशन, 3% प्रत्यायक कमिशन और बीजक कीमत के ऊपर विक्रय पद 10% कमिशन प्राप्त करने का हकदार है । कुल कमिशन की रकम की गणना कीजिए । **7**

(B) प्रेषक BKC लि. ने 3000 लीटर तेल ₹ 50 प्रति लीटर के भाव से बेचने के लिए प्रेषित किए और माल भेजने के दौरान ₹ 21,000 चुकाए । 150 लीटर रास्ते में वाष्पीभवन हो गया । परेषिती ने 2,550 लीटर तेल ₹ 75 प्रति लीटर के भाव से बेचा । अंतिम स्टॉक की गणना कीजिए । **4**

(C) उचित उदाहरण देते हुए सामान्य कमिशन और प्रत्यायक कमिशन में अन्तर बताइए । **3**

2. अहमदाबाद के निकिता ट्रेडर्स की एक स्वतंत्र शाखा गांधीनगर में है । शाखा का 31–12–2016 का कच्चा चिट्ठा निम्नानुसार है : **14**

विवरण	उधार शेष (₹)	जमा शेष (₹)
माल का आरम्भिक स्टॉक	15,000	
देनदार और लेनदार	37,500	22,500
क्रय और विक्रय	1,00,000	1,50,000
किराया और दर	12,500	
वेतन और मजदूरी	20,000	
मुख्य कार्यालय खाता		50,000
कमिशन		2,500
प्रशासनिक खर्च	7,500	
बैंक शेष	7,500	
स्थायी परिसम्पत्ति	25,000	
	2,25,000	**2,25,000**

समायोजन :

(1) शाखा के पास ₹ 20,000 का अन्तिम स्टॉक था ।

(2) शाखा का फर्नीचर खाता मुख्य कार्यालय के खाते में रखा जाता है । ₹ 2,500 का मूल्यह्रास शाखा फर्नीचर पर लगाया जाता है ।

(3) मुख्य कार्यालय ने शाखा को ₹ 12,500 का माल भेजा जो ता. 31 दिसम्बर, 2016 तक नहीं मिला ।

(4) शाखा ने ता. 27 दिसम्बर, 2016 को ₹ 10,000 का रोकड़ मुख्य कार्यालय को भेजा को मुख्य कार्यालय को ता. 2 जनवरी, 2017 को मिला ।

उपरोक्त विवरण से तैयार कीजिए :

(i) शाखा की बहियों में वर्ष 2016 का अन्तिम खाता ।

(ii) मुख्य कार्यालय की बहियों में शाखा खाता ।

अथवा

(A) दिल्ली की ऊर्जा ट्रेडर्स की एक शाखा नोइडा में है । 31 मार्च, 2016 को समाप्त होते वर्ष के लिए हेड ऑफिस के शाखा के साथ लेनदेन निम्नानुसार है । ऊर्जा ट्रेडर्स की बहियों में शाखा खाता तैयार कीजिए । **7**

विवरण		रकम (₹)
ता. 1 अप्रैल, 2015 को शाखा का स्टॉक		77,000
ता. 1 अप्रैल, 2015 को शाखा के देनदार		41,250
ता. 1 अप्रैल, 2015 को पेटा रोकड़		1,250
शाखा को आपूर्तित माल		3,78,000
शाखा की तरफ से मिली रोकड़ :		
रोकड़ विक्रय	26,250	
देनदारों से उगाही	3,94,350	4,20,600
शाखा को भेजी रकम :		
वेतन	18,600	
किराया	6,000	
पेटा रोकड़	7,500	32,100
ता. 31 मार्च, 2016 को शाखा का स्टॉक		57,875
ता. 31 मार्च, 2016 को शाखा के देनदार		1,26,150
ता. 31 मार्च, 2016 को पेटा रोकड़		1,875

(B) हेड ऑफिस ने अपनी एक शाखा को लागत कीमत पर इस सूचना के साथ माल बेचने के लिए भेजा कि मूल कीमत पर 25% लाभ जोड़कर माल बेचो । निम्नलिखित विवरण से अन्तिम स्टॉक का मूल्य ज्ञात कीजिए : **4**

आरम्भिक स्टॉक ₹ 1,00,000, शाखा को माल भेजा ₹ 7,50,000, शाखा ने माल लौटाया ₹ 60,000, नकद विक्रय ₹ 3,00,000 और उधार विक्रय ₹ 7,00,000, देनदारों द्वारा माल वापसी ₹ 24,000

(C) परतंत्र शाखा और स्वतंत्र शाखा में अन्तर की संक्षेप में चर्चा कीजिए । **3**

3. ता. 1-3-2016 को देवांशी लि. के कारखाने में आग लगी और अधिकांश स्टॉक जल गया । आग से बचा माल ₹ 1,200 का था । निम्नलिखित जानकारी से दावें की रकम की गणना कीजिए : **14**

ता. 1-1-2015 को स्टॉक (लागत कीमत)	₹ 27,600
ता. 31-12-2015 को स्टॉक (लागत कीमत)	₹ 44,000

लेखा वर्ष 2015 के लिए क्रय और विक्रय क्रमशः ₹ 5,44,800 और ₹ 6,60,000 थे और 2016 में आग लगने की तारीख तक ₹ 64,000 और ₹ 1,30,000 थे ।

ता. 31 दिसम्बर, 2015 को बैलेंस-शीट के लिए स्टॉक का मूल्यांकन के समय ₹ 4,400 लागत का कुछ स्टॉक जो नकली विक्रय रेखा में था, ₹ 400 अपलिखित किया गया । यह माल वर्ष 2016 के दौरान मूल लागत पर ₹ 400 की हानि पर बेचा गया ।

उपरोक्त अपवाद के सिवाय सकल लाभ एकसमान दर पर रखा गया ।

अथवा

(A) आयुषी लि. के कारखाने में आग लगी । निम्न जानकारी से दावें की रकम ज्ञान कीजिए : **7**

खोया विक्रय	₹ 12,00,000
पिछले वित्तीय वर्ष का विक्रय	₹ 40,00,000
पिछले वित्तीय वर्ष का शुद्ध लाभ	₹ 6,40,000
पिछले वित्तीय वर्ष का स्थिर खर्च	₹ 1,60,000
आग की तारीख से पूर्व 12 मास का विक्रय	₹ 80,00,000
बीमा पॉलिसी की रकम	₹ 14,40,000
आग बुझाने का खर्च	₹ 24,000

(B) आग दावें के संदर्भ में "औसत खण्ड" को समझाइए । **7**

4. शुभम और मीशांक 3 : 2 के अनुपात में लाभ बाँटते भागीदार थे । वे अपनी लेखा बहियाँ उचित रूप से नहीं रखते । निम्न जानकारी उनके अपूर्ण अभिलेख से प्राप्त हुई : **14**

ता. 1 अप्रैल, 2015 को आरम्भिक स्थिति–विवरण

देयताएँ	(₹)	परिसम्पत्तियाँ		(₹)
लेनदार	47,100	प्लान्ट		35,100
कुल पूँजी	84,000	देनदार	49,800	
		– BDR	300	49,500
		स्टॉक		24,120
		रोकड़ और बैंक		20,700
		पूर्वदत्त खर्च		1,680
	1,31,100			**1,31,100**

वर्ष के दौरान लेनदेन :

(1) नकद क्रय ₹ 3,090

(2) क्रय वापसी ₹ 1,200

(3) लेनदारों को चेक से चुकाया ₹ 1,80,600

(4) कुल विक्रय ₹ 2,31,900 और विक्रय वापसी ₹ 4,350

(5) देनदारों से प्राप्त और बैंक में जमा ₹ 1,87,500

(6) अशोध्य ऋण अपलिखित ₹ 1,500, दी गई छूट ₹ 4,500, प्राप्त छूट ₹ 2,520 अशोध्य ऋण वसूली ₹ 300.

(7) ता. 1 अक्टूबर, 2015 को मीशांक ₹ 9,000 की अतिरिक्त पूँजी लाया जो बैंक में जमा की गई ।

(8) ता. 1 अक्टूबर, 2015 को शुभम ₹ 13,800 का अपना प्लान्ट लाया ।

(9) बैंक से रोकड़ आहरण ₹ 27,600 और बैंक में रोकड़ जमा ₹ 15,000

(10) शुभम और मीशांक ने घर खर्च के लिए क्रमशः ₹ 9,000 और ₹ 6,000 निकाले ।

(11) रोकड़ खर्च ₹ 27,810 थे ।

अतिरिक्त जानकारी :

(1) भागीदारों की प्रारम्भिक पूँजी उनके लाभ बाँटने के अनुपात में थी ।

(2) पूँजी पर ब्याज 10% वार्षिक होगा ।

(3) प्लान्ट पर मूल्यह्रास 10% वार्षिक होगा ।

(4) अशोध्य ऋण के रूप में ₹ 60 अपलिखित किया जाना है और देनदारों पर 3% के हिसाब से अशोध्य ऋण अनामत प्रदान करना है ।

ता. 31 मार्च, 2016 को अन्तिम शेष :

विवरण	(₹)
प्राप्य विपत्र	2,490
देय विपत्र	1,200
लेनदार	29,580
पूर्वदत्त खर्च	900
रोकड़ और बैंक	21,300
स्टॉक	33,360

उपरोक्त जानकारी से ता. 31 मार्च, 2016 को समाप्त होते वर्ष के लिए व्यापार खाता, लाभ-हानि खाता, बैलेंस-शीट और अन्य आवश्यक खाते तैयार कीजिए ।

अथवा

(A) पुस्त-पालन की एकल प्रविष्टि और दोहरी प्रविष्टि प्रणाली में अन्तर की चर्चा कीजिए । **7**

(B) नीचे दी गई जानकारी से देनदारों का खाता तैयार करके उधार विक्रय ज्ञात कीजिए : **7**

विवरण	(₹)
देनदारों का आरम्भिक शेष	50,000
देनदारों से प्राप्त रोकड़	1,50,000
अशोध्य ऋण	10,000
प्राप्य विपत्र प्राप्त	1,40,000
अनादरित विपत्र	20,000
लेनदारों को हस्तांतरित प्राप्य विपत्र	50,000
देनदारों का अंतिम स्टॉक	1,00,000
लेनदारों को अनादरित हस्तांतरित तरीके दिए गए देय विपत्र	30,000

5. निम्न में से किन्हीं **सात** बहुविकल्पी प्रश्नों का उत्तर दीजिए । सभी आवश्यक गणनाएँ दर्शाइए : **14**

(1) A ने B को ₹ 40,000 का माल भेजा और खर्च के ₹ 2,000 चुकाए । परेषिती ने ₹ 400 भाड़े के, ₹ 200 माल चढ़ाने के और ₹ 200 विक्रय खर्च के चुकाए । 70% माल बिक गया । अन्तिम स्टॉक की कीमत क्या है ?

(a) ₹ 12,000 (b) ₹ 12,780

(c) ₹ 12,840 (d) ₹ 12,600

(2) परेषिती को प्रत्यायक कमिशन के मामले में, प्रेषक की बहियों में अशोध्य ऋण की क्या प्रविष्टि होगी ?

(a) प्रेषण खाता नामे होगा ।

(b) परेषिती खाता नामे होगा ।

(c) प्रेषण खाते पर भेजा गया माल नामे होगा ।

(d) कोई प्रविष्टि नहीं होगी ।

(3) एक शाखा की रोकड बिक्री ₹ 25,000 है तथा उधार बिक्री ₹ 45,000 है । यदि देनदारों से ₹ 50,000 रोकड़ प्राप्त होता है, तो हेड ऑफिस की बहियों में शाखा खाता कितनी रकम से जमा होगा ?

(a) ₹ 45,000 (b) ₹ 75,000

(c) ₹ 5,000 (d) ₹ 70,000

(4) स्टॉक और देनदार पद्धति के अधिक, शाखा खाता निम्न में से है :

(a) व्यक्तिगत खाता (b) वास्तविक खाता

(c) नामिक खाता (d) संयुक्त खाता

(5) एक कम्पनी के पास ₹ 8,00,000 का माल था । जिस पर ₹ 7,00,000 का बीमा लिया गया था । आग के कारण आधा माल जल गया । पॉलिसी में औसत खण्ड है । बीमा कम्पनी द्वारा दावें की कितनी राशि चुकाई जाएगी ?

(a) ₹ 4,00,000 (b) ₹ 3,00,000

(c) ₹ 3,50,000 (d) ₹ 1,00,000

(6) पारिमाणिक नुकसान पॉलिसी किससे रक्षा देती है ?

(a) पूँजी हानि (b) राजस्व हानि

(c) आकलित हानि (d) सभी हानियों

(7) यदि आरम्भिक स्टॉक ₹ 40,000 है, खरीदी ₹ 2,40,000 है, अन्तिम स्टॉक ₹ 1,20,000 है, सकल नाम विक्रय पर 20% है, तो विक्रय की रकम क्या होगी ?

(a) ₹ 1,60,000 (b) ₹ 2,80,000

(c) ₹ 3,60,000 (d) ₹ 2,00,000

(8) एकल प्रविष्टि प्रणाली के अन्तर्गत आरम्भिक स्थिति विवरण क्यों बनाया जाता है ?

(a) लाभ पता करने के लिए (b) परिसम्पत्ति पता करने के लिए

(c) हानि पता करने के लिए (d) पूँजी का आरम्भिक शेष पता करने के लिए

(9) निम्न में से कौन सा खाता उधार अथवा जमा शेष के सन्दर्भ में विषम है ?

(a) प्राप्य विपत्र खाता (b) देय विपत्र खाता

(c) लेनदारों का खाता (d) पूँजी खाता

(10) निम्न में से कौन सा खाता उधार विक्रय ज्ञात करने के लिए तैयार किया जाता है ?

(a) लेनदारों का खाता (b) देय विक्रय खाता

(c) देनदारों का खाता (d) पूँजी खाता